
''तलाश के लक्ष्य एवं उद्देश्य''

1. एक अराजनैतिक, अहिंसात्मक, वैचारकि अभियान है।
2. आमलोगों के जीवन स्तर में सुधार हेतु सामाजिक जीवन के सभी आयामों के कार्य-कलापों में सुधार लाने का कार्य करेगा।
3. प्रत्येक नगरिक में 'सच को सच' एवं 'गलत को गलत' कहने की शक्ति पैदा करेगा।
4. प्रत्येक नागरिक को वाजिब तरीके से प्रतिदिन अपनी आय में वृद्धि करने हेतु प्रोत्साहित करेगा।
5. रचनात्मक सामूहिक सोच का निर्माण करने को कृत संकल्प है।
6. संबंधित सक्षम अधिकारियों/व्यक्तियों को सही दिशा में कार्य करने हेतु प्रेरित करेगा।
7. किसी प्रकार की सीधी सेवा नहीं प्रदान करेगा।
8. पूरे भारत में आम व्यक्ति को पहरुए की तरह जागरूक करने का काम करेगा। यह किसी भी क्षेत्र/ प्रकार की गलती दिखने पर उसे अहिंसात्मक ढंग से ठीक करेगा।
9. सदस्य बनने हेतु कोई शुल्क नहीं होगा एवं सदस्य अवैतनिक कार्यकर्त्ता के रूप में कार्य करेंगे।
10. इसका अपना कोई निधि/कोष नहीं होगा। संस्था के छोटे-मोटे खर्च सदस्यगण मिलकर वहन करेंगे।
11. इसका अन्य गैर सरकारी संगठन की तरह निबंधन नहीं होगा एवं इसमें कोई अध्यक्ष, सचिव अथवा कार्यकारिणी नहीं होगा।

कोष, कुर्सी, कौन! तीनों गौण!!

तलाश

'बूंदें'-3



न्यायपालिका, मिडिया, आजादी

प्रो. (डॉ.) विश्वेन्द्र कुमार सिन्हा

समर्पण
2020



उन गुड्डे एवं गुड़ियों को -
जो दिलोजान से प्यार किये जाने पर जीवन्त हो उठेंगे।

तलाश के लोग

आमंत्रण

आत्मन्

आप जहाँ भी हैं, जो कुछ भी अच्छा कर रहे हैं, करते चलें, अन्य लोगों को भी अपनी सृजनात्मक उर्जा से उत्प्रेरित करते चलें, 'तलाश' तो आपके मन– प्राण में है।

वृहत एवं त्वरित बदलाव के लिए आपका हमारा जुड़ना आवश्यक है।

मिलें तो सही।
बातें तो हों,
हर माह के प्रथम रविवार की बैठक में शामिल हों,

– 'तलाश' परिवार

सम्पर्क :	फोन नं॰
श्री प्रणव कुमार चौधरी	8969481918
डॉ॰ अविनाश प्रसाद	9934410252
श्री अजित कुमार सिन्हा	9334310425
ब्रिगे॰ के॰ एम॰ पी॰ सिंह	9801043097
श्री रवीन्द्र कुमार	9835454798
डॉ॰ विश्वेन्द्र कुमार सिन्हा	9931025029
श्री शिव कुमार	9135020199

स्थान : एच-3, डॉक्टर्स कॉलोनी, कंकड़बाग पटना - 20

विषय सूची

		बूंदें
1.	तलाश परिचय	1 से 9 तक
2.	न्यायपालिका	10 से 54 तक
3.	मिडिया	55 से 70 तक
4.	दलगत राजनीति	71 से 86 तक
5.	आजादी	87 से 90 तक
6.	संकट	91 से 96 तक
7.	अन्यान्य/विचारणीय	97 से 112 तक
8.	गरीबी/बेरोजगारी	113 से 117 तक
9.	जागो ग्राहक	118 से 124 तक

Blank Page

01

1. आपसे मुखातिब

ये सिर्फ बूंदें हैं – एक दो पड़ जाने से ध्यान भी नहीं जायेगा, बहुत सारे मिलकर आपको भिंगो दे सकते हैं या फिर यूँ ही बह जायेंगे।

बूंदे क्षणिक हैं, कुछ सामयिक जो समय के साथ अप्रासंगिक हो जायेगें, कुछ दीर्घकालिक है, कुछ शाश्वत होने की तरफ हैं, कुछ अत्यन्त व्यक्तिगत अभिव्यक्ति हैं, कुछ अनुभवगम्य, कुछ अन्य महानुभावों की समझ से प्रेरित (उनसे सविनय याचना के साथ)!

बूंदे जो इकाई है ..... सागर की।

02

तलाश : क्या – क्यों ?

- 'तलाश' एक वैचारिक आंदोलन है।
- 'तलाश' वर्ष 2000 से कार्यरत Civil Society है जो देश, समाज की बेहतरी के लिए समर्पित है। इसमें हर तबके एवं स्तर के लोग हैं।
- निरपेक्ष, नि:स्वार्थ, पूर्वाग्रह रहित !
  अराजनैतिक और अहिंसात्मक।
  जिसका अपना कोई एजेण्डा नहीं।
  यहाँ 'कोष' 'कुर्सी', 'कौन' तीनों गौण है।
- यह कुछ लोगों की नि:स्वार्थ अभिव्यक्ति है, किसी से कोई विवाद नहीं।

03

- तलाश की विषय वस्तु पर जिनकी सहमति है उन्हें धन्यवाद; जिनकी असहमति है उनका बहुत-बहुत धन्यवाद वे ही हमें दुबारा आत्मचिंतन और निरीक्षण का अवसर देते हैं।
- तलाश का कथ्य है-
  - → गलत को गलत कहें।
  - → अच्छे को अच्छा कहें।
  - → अपनी आमदनी वाजिब तरीके से प्रतिदिन बढ़ाएँ।
  - → रचनात्मक सामूहिक सोच का निर्माण करें।
  - → सभी कार्य अराजनैतिक एवं अहिंसात्मक हों।

04

- 'तलाश' यथासम्भव सबों तक पहुँचना चाहता है; खासकर तमाम बुद्धिजिवीयों तक।
- आवश्यकता है विभिन्न भाषाओं में अनुबाद कर अधिक से अधिक लोगों तक पहुचाने की।
- हम तमाम लोग पहले एक व्यक्ति, फिर समाज और देशवासी हैं। इसके बाद ही कोई 'भेद' आता है।

तलाश : चिंतन

- न गद्य है, न पद्य है।
  सिर्फ कुछ कथ्य है।
  परन्तु तथ्य ही तथ्य है।

- न कर्म है, न धर्म है।
  सिर्फ एक क्रन्दन है।
  सिर्फ एक चिंतन है।
  गोबर है, खाद है।

कमल दल की आश है।

तलाश : चिंतन

3. भयानक दुष्चक्र है !
   प्रत्यक्ष या परोक्ष,
   पैसा ही चलता है ।
   पैसा ही शासक,
   पैसा ही नियंता है ।

   मुख्य या प्रधान हो,
   मंत्री या संतरी हो,
   चुनाव है, चुनावी फंड है, चुनावी वांड है।
   चुनावी 'दलबंदी' है,
   दलगत राजनीति है ।
   'दलों' (गैंगों) का ही शासन है,
   हम (जनता) तो बेमानी हैं ।

तलाश : चिंतन

4. पैसा ही ऊर्जा है ।
   ऊर्जा ही जीवन है ।
   क्रमिक विकाश है ।
   बुद्धि का राज है ।
   आत्मा का नाश है ।
   इसके लिए भ्रष्टाचार ही आचार है ।

5. पैसा निरपेक्ष है ।
   भावना से रहित है ।
   उर्जा का श्रोत है
   था तो एक 'कूपन'
   अब तो नियामक है ।

तलाश : चिंतन

6. पैसा ही गति है ।
   बाकी ''सबकुछ'' गतिहीन है ।
   इस ''सबकुछ'' में 'सोच' है,
   'विचार' है, 'बुद्धि और 'विवेक' है ।
   'इमान' और 'न्याय' है ।

7. पैसे के बिना समर्थ भी असमर्थ है ।
   जो पैसा विहीन है सब तरह से हीन है ।
   'पैसा' संगठित है । बाकी विखराव है ।

8. बिना पैसा अजब की बेवसी है।
   पैसे के कारण भी अजब अकुलाहट है।
   दंगा फसाद है। आतंक, नक्सलवाद है।
   पैसे के बिना क्या कोई उपाय है ?

बूंदें

09

तलाश : चिंतन

9. हम सब निष्क्रिय हैं। वेअसर हैं;
डॉक्टर - वकील है, इंजिनियर - ठेकदार हैं;
प्रोफेसर - विद्वान हैं;
लेखक - पत्रकार हैं, व्यापारी - उद्योगपति हैं;
प्रशासक और शासक हैं,
राजनीतिज्ञ हैं, पुलिस - मिलिट्री है।
सभी सिर्फ सुविधा के भागीदार हैं।
'कोई नृप हों हिं'
हमें क्या दरकार है !

बूंदें

10

न्याय

कानून का जन्म और विकास ।
पंच; काजी; आधुनिक न्यायपालिका

- 'दो' हुये तो 'मत भेद' हुआ।
  दोनों ने लड़कर फैसला कर लिया।
  एक ही जिंदा बचा।
- यह आदिम/जंगल/पशुबल प्रधान कानून मान्य नहीं हुआ तो 'तीसरे' का उदय हुआ ।
- स्पष्टत: इस 'तीसरे' की राय दोनों पक्षों पर वाध्यकारी होगी तभी व्यवस्था बनी रहेगी।
- यही 'तीसरा' पंच, काजी और न्यायपालिका हुई।
- 'नियमन' की शुरूआत हुई।

बूंदें

11

सामूहिक जीवन का आधार नियमन है ।
नियमन ही कानून बना, लगातार बनता ही जा रहा है।

- सबसे सशक्त 'विधायिका' बनी ।
- काम केवल कानून ही बनाना है ।
- व्यक्तिगत सामाजिक जीवन के हर बात पर हावि और प्रभावी ।
- कार्यपालिका बनी/कर्तव्य बना ।
- यहाँ कर्तव्य अधिकार बन जाता है, और अधिकार शोषण, भ्रष्टाचार और गिरावट का माध्यम बन जाता है ।

बूंदें

12

नियमन

- गलती के लिए कोड़े मारना अत्यंत त्वरित प्रभावी deterrent/न्याय/नियमन/निदान था ।
- 'सभ्य' (अधिकार सम्पन्न) को यह (कोड़े खाना) अस्वीकार्य लगा अत: समाप्त हो गया ।
- आर्थिक दण्ड कोड़े से कम नहीं है, परन्तु यह अनुपातिक नहीं है/होना चाहिए ।
- इस प्रकरण या अन्य कई प्रकरणों में यह असत्य/अन्यायपूर्ण हो जाता है ।
- इसका कारण आर्थिक असमानता है, जो सत्य है, शायद सनातन है ।
- अधिकार संपन्न/करोड़पति/अरबपति एवं विपन्न के फर्क को मिटाया नहीं जा सकता है ।
- दण्ड विधान एक कैसे हो सकता है ?

बूंदें

13

नियमन

- अर्थ दण्ड को समानुपातिक बनाने से बहुत-कुछ ठीक हो जायेगा।
- अर्थ दण्ड को समानुपातिक बनाने से यह deterrent का बढ़िया और ज्यादा कारगर तरीका हो जाएगा।

  परन्तु इसे कार्यालय–न्यायालय के कर्तव्य -अधिकार–भ्रष्टाचार के दुष्चक्र से बचाना होगा।

बूंदें

14

न्याय व्यवस्था

मुख्य दिक्कतें –

- इतनी देरी कि अक्सर न्यायपालिका का लक्ष्य ही पूरा नहीं होता।
- इतनी आदर्शवादिता कि हमारे देश-समाज के लिए Applicable नहीं होता। कमजोर वर्ग के लिए तो बिल्कुल नहीं।
- अस्पष्ट निर्णय/असंगत निर्णय।
- परस्पर विरोधी निर्णय, उसका न कोई सर्वे न समाधान।
- इतनी खर्चीली कि सामान्य व्यक्ति की पहुँच से बाहर; बड़े लोगों का आखाड़ा और उनके लिए हर जुर्म से निकलने का उपाय है।
- अनगिनत उदाहरण हैं।

क्रमशः

बूंदें

15

न्याय व्यवस्था

- आखों के सामने और जानकारी रहते, हुए भी अपने ही तंत्र के भ्रष्टाचार को कुछ नहीं करता।
- दूसरे मुद्दों पर स्वतः संज्ञान लेता है।
- महत्वपूर्ण/कठिन मुद्दे पर आँखें मूदे रहता है।
- न्यायिक भाषा इतनी क्लिष्ट कि समान्य जन को समझना मुश्किल।
- इतनी निरंकुशता कि अक्सर दायरा/और उद्देश्य भटक जाता है।
- सैन्य सेवा से लेकर तकनिकी/वैज्ञानिक विषयों पर निर्णय वैज्ञानिक/समाचीन नहीं रह पाता।
- Technicalities पर निर्णय – न्याय के उद्देश्य को दरकिनार कर देता है।
- न्याय की जगह कानून की जकड़न।

बूंदें

16

जजों की नियुक्ति-

- जजों की नियुक्ति – इतनी अलोकतांत्रिक अपारदर्शी कि स्वीकार्य नहीं।
- यदि हमारे राष्ट्रिपति, प्रधानमंत्री, सांसद, सभी समर्थ लोग संवैधानिक या अन्य पदों पर भी अपने उत्तराधिकारी का मनोनयन करते तो क्या विगड़ता ?

  पारदर्शिता, विश्वसनीयता, लोकतांत्रिक विश्वास ?

बूंदें

17

नैसर्गिक न्याय–

कानूनी न्याय की विवेकपूर्ण विवेचना विद्वान जजों की जिम्मेदारी होनी चाहिए । किसी भी कानून/संविधान के प्रावधान की विवेचना लोग अपनी-अपनी तरह से कर सकते हैं, इसकी विविधता को कम करने के लिए एक Gauideline, नियामक संस्था होनी चाहिए ।

दिए गए विरोधाभासी Judgement को आगे के लिए एक करना आवश्यक है एवं ऐसा कम से कम हो इसकी व्यवस्था होनी चाहिए ।

विरोधाभासी न्याय तो एक न्यायाधीश का न्याय हो जाता है – न्यायालय का नहीं ।

बूंदें

18

न्यायपालिका : निरंकुशता

- न्यायपालिका के सम्मान को सुनिश्चित करने एवं न्यायाधीशों के अहंकार और उसकी सीमाहीनता, जिसमें विधायिका भी लुप्त हो जाय; में आवश्यक संतुलन आवश्यक है ।
- स्वायत्तता एवं निरंकुशता में स्वविवेक/उत्तरदायित्व बोध का फर्क हैं ।
- निरंकुशता विधायिका या न्यायापालिका का ?
- किसी भी स्तर पर निरंकुशता ठीक नहीं है ।
- आपके द्वारा इस पर मनन और राय कायम करना आवश्यक है ।

बूंदें

19

वकील–वकालत

- न्याय के लिए नहीं, पेशे के लिए/पैसे के लिए ।
- कानून की जानकारी के कारण मुवक्किल को गलत सलाह देना, और मामले को उलझा देना ।
- वकीलों के कारण लोग अपनी बात सीधे न्यायाधिशों तक नहीं पहुँचा पाते ।
- वकालत ने न्यायप्रक्रिया को कब्जे में कर लिया है ।
- वकील मुवक्किल की सहायता न कर उसे विस्थापित कर देते हैं ।

बूंदें

20

तलाश द्वारा न्यायपालिका पर वार्षिक अधिवेशन 2018 ।

जो विषय वस्तु थी, आज भी/भविष्य के लिए भी उनता ही महत्वपूर्ण है :–

1. न्यायालय की philosophy.
   - अव्यवहारिक/काल्पनिक। आर्दश-वादिता की जगह व्यवहारिकता एवं परिवेश को स्थान मिलाना चाहिए ।
2. न्यायापालिका के निर्णय में व्यक्ति की आजादी (अभिव्यक्ति एवं अन्य) और सामाजिक जीवन की, मान्यताओं/आस्था में सामंजस्य होना चाहिए ।

3. प्राथमिकता का निर्धारण :-

क. न्यायालय में लम्बित करोड़ों केशों का निष्पादन एवं त्वरित न्याय व्यवस्था (की खोज)

या

मनुष्य की काम भावना, सबरीमाला इत्यादि का निर्धारण ?

ख. निर्णय में टेक्नीकेलिटी और कानून की प्रधानता

या

सामाजिक/व्यक्ति की सुरक्षा, संरक्षा के लिए विवेक का अधिकार न्यायधीशों को मिले ?

ग. कानून का पालन या न्याय का पालन ?

4. गलत आधार तलाशे जाते है ।

क. समलैगिंकता की स्वीकारोक्ति प्रगतिशीलता समझी जाय ?

ख. सबरीमाला, 497, 498A में उच्चतम न्यायालय के अन्य फैसलों को भी स्त्रियों के उत्थान के मद्दे नजर इसे आधुनिकता की मिशाल समझी जाय ? क्या इन मुद्दों पर सामाज/सामूहिक राय/मान्यतायें कोई मायने नहीं रखती ?

ग. ऐसे मामलों में निर्णय क्या न्यायाधीश रूपी एक व्यक्ति की मान्यता/उद्देश्य/अनुभव परिलक्षित नहीं हो जाता ?

5. गलत व्यक्तिगत आधार/मान्यता-

- ऐसे सांस्कृतिक/सामाजिक/परिदृश्य बदलने वाले वैयक्तिक मामलों पर विचार आम राय (National Referendum) से होना चाहिये या व्यक्तिगत मान्यता पर ?
- दो व्यक्तियों का साथ रहना एक बात है; उसे शादी करार देना अलग बात है।
- शादी हमारा एक संस्कार है ।
- शादी का उदेश्य देह का उपभोग नहीं अगली पीढ़ी को जन्म देना, पालन करना है ।

1. पश्चिमी देशों का अंधानुकरण, गतिशीलता नहीं आत्महीनता की निशानी है ? क्या हम जो कुछ हैं, हमारा जो कुछ है वह कम है और गलत है?
2. ऐसे कई समाज-देश हैं (पश्चिमी भी) जो समलैंगिकता को पूर्णतया नकारते हैं और उनके कानून काफी सख्त हैं ।
3. यह अफसोस जनक है कि आत्महीनता और अंधानुकरण की यह भावना, सामान्य मान्यताओं से अलग, नया कुछ कहने की ललक तथा कथित वुद्धिजीवियों अर्थ/अधिकार सम्पन्नों, पत्रकारों, सिनेमा, टीवी इत्यादि संचार माध्यमों से सम्बंधित लोगों में अधिक है ।
4. यह सब वे लोग अर्थोपार्जन के लिए, अपनी अलग पहचान बनाने, 'सामान्य' से अपने को ऊपर समझाने के लिए करते हैं ।
5. व्यक्तिगत जीवन में वे सब स्वयं इसे नहीं स्वीकारते ।

- सामान्य जन सिर झुकाने के अलावा कुछ भी नहीं कर सकता है ।
- व्यक्तिगत स्वंतत्रता को पूर्ण, निर्बाध और क्षितिज तक ?
  - एक की, समर्थ की या सबों की?
  - सिर्फ वाचालों की या मूक की भी ?
- परन्तु इसकी निरर्थकता और गलत होने के बोध को स्वीकारा गया कि :-

"स्वतंत्रता वहीं तक जहाँ वह दूसरों की स्वतंत्रता में बाधक नहीं है ।"

यह तो आर्ष-वाक्य है ।

सभी पुरुष समानता :-

- अलग स्नानागार/शौचालय, रेल में अलग डिब्बे, हवाई अड्डों पर अलग जाँच इत्यादि की व्यवस्था सही है या गलत ?
- सभी खेलों जैसे ओलम्पिक, कुश्ती इत्यादि भी क्या एक साथ होने चाहिए ?
- ये प्रश्न महत्वपूर्ण है : इन्ही में सबरीमाला मंदिर व्यवस्था का जबाब निहित है, स्त्री-पुरुष की समानता का उत्तर भी है ।

समानता

- स्त्री एवं पुरुष एकाकी स्वतंत्र जीवन व्यतीत करने में सक्षम हैं; परन्तु-
- स्त्री-पुरुष का साथ स्वाभाविक है, प्राकृतिक है, वैज्ञानिक है, एक दूसरे का पूरक है; एवं इसी में शैशवावस्था से लेकर वृद्धावस्था तक सुरक्षा एवं आनन्द है ।
- एक की मानसिकता (सम लैंगिकता इत्यादि) को उसकी व्यक्तिगत स्वतंत्रता की पहचान दी जा सकती है सभी पर कानून थोप देना; प्रोत्साहित (Promote) करना है, घातक है ।
- स्त्री/पुरुष सभी रूपों में समान है या पूरक ?

समानता

- किसी को किसी के साथ किसी भी भाव में रहने की कहाँ मनाही है ?
- समलैंगिक शादी अप्राकृतिक है । Absurd है ।
- हमारी स्थापित संस्कृति के विरुद्ध है ।
- यौन अपराध में वृद्धि होगी ।
- बच्चाबाजी के अपराधियों को सजा देना सम्भव नहीं होगा ।
- परिवारिक संरचना और व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित करने वाले निर्णय जो particular case के लिए नहीं बल्कि सबों के लिए पारित होता है, जो अधिकांश को स्वीकार्य नहीं, follow भी नहीं होता है-सिर्फ उसी 'वाद' तक लागू होना चाहिए ।
- सामूहिक सोच का निर्माण करें ।

बूंदें

29

गलत आधार तलाशे जाते हैं :-

- 377 को एक प्राकृतिक व्यवस्था मानी गयी ।
- इस पर forensic विशेषज्ञों (जूरी) की राय महत्वपूर्ण है, न कि जज रूपी एक व्यक्ति की ।
- यदि समलैगिकता प्राकृतिक है तो–अन्य मानसिक sexual aberrations जैसे :
  - ❑ Incest जैसे–बेटी–बहन, बहु इत्यादि से सम्बंध बनाना?
  - ❑ Fetichism (स्त्रियों के वस्त्राभूषण इत्यादि से उतेजित व्यवहार)
  - ❑ Bestiality (पशुओं से संभोग करना) कैसे गलत है ?

ये मानसिक विकृतियाँ (sexual Aberration) सामयिक होते है एवं सामान्यत: उम्र के साथ स्वत: समाप्त हो जाते हैं ।

इन्हें समान्य घोषित करना इनको प्रेरित करना है ।

बूंदें

30

न्यायपालिका का सम्मान आवश्यक एवं अपरिहार्य सामाजिक व्यवस्था है।

- सामूहिक निर्णय प्रणाली, ज्यूरी व्यवस्था एवं जहाँ प्रभावी हो वहाँ Technical expert (Jury) की राय की निर्णायक भूमिका होनी चाहिए ।
- कानूनों का दुरुपयोग होता है, जैसे कि SC/ST Act, 498A, Rape, Me Too, सामान्य बात है, स्वीकार्य है ? या निरुपाय है ?
- असंतुलित कानून बनाना/व्याख्या गलत है सामाजिक व्यवस्था विकृत करने वाला है ।

बूंदें

31

दोहरे मानदण्ड–

Negligence जितना डाक्टरों/अभियंताओं /अन्य से होता है न्यायपालिका में उससे कम नहीं होता है ।

- न्यापालिका के दोहरे मानदण्ड – उदाहरण वकील बनाम पुलिस, तीस हजारी कोर्ट दिल्ली : 2019

देश के लिए/लोकतंत्र के लिए

- बहुत शर्मनाक एवं खतरनाक घटना हुई ।
- कानून को अपने हाथ में लेने के कारण वकीलों ने न मालूम कितनों को सजा दिलवायी होगी । यदि इन्हें कानून हाथ में लेने की सजा नहीं मिली तो अन्य को क्यों?

बूंदें

32

दोहरे मानदण्ड

- इस प्रकरण में सही एवं निष्पक्ष न्याय नहीं होना सीधे न्यायपालिका और कार्यपालिका का भिड़ंत है ।

निष्पक्ष न्यायपालिका का हल्का सा भी झुकाव (सम्बंधियों या संस्थाओं के प्रति) न्याय व्यावस्था अन्ततः सामाजिक व्यवस्था में लोगों के विश्वास और सम्मान दोनों को भारी नुकसान पहुँचाता है ।

व्यवस्था का चुप रहना अनदेखी करना है । यह नासूर बन जाता है ।

33

न्यायपालिका
अयोध्या प्रकरण

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा इतने दिनों बाद उत्तरदायित्व स्वीकार कर, खोजपूर्ण, तर्कपूर्ण, तथ्यपरक सर्वमान्य निर्णय देने से न्यायपालिका का सम्मान बढ़ा।

उसके बाद इस देश में गड़बड़ी नहीं होना एक सुखद एहसास है कि राष्ट्र परिपक्व हो गया है। अब लोकतंत्र मजबूत होगा।

कुछ बेसुरे बोल हमेशा रहते हैं।

34

अक्षम न्यायपालिका – निर्भया काण्ड

- पहले कुछ लोगों ने एक अच्छी भली लड़की का सामूहिक रेप किया, इतनी दरिन्दगी कि वह जिन्दगी मांगते-मांगते मर गयी।
- बिरले पकड़े जाने और मौत की सजा के हकदार को वर्षो बाद सजा मिली।
- 7 वर्षो तक कुछ वकीलों (नाम और पैसे के लिए) ने पूरी न्यायव्यवस्था और भारतीय जनमानस का रेप किया।
- कई घटना इससे भी भयानक होगी।
- न्याय विवेकहीन/लकीर का फकीर नहीं होना चाहिए।
- हमारी न्यायिक व्यवस्था लचर है।
- न्यायव्यवस्था, जो समाज में कानून का राज स्थापित करने हेतू स्थापित है।

35

निर्भया के दोषियों को फांसी हुई,
देशवासियों को एक संतोष हुआ।
परन्तु सात साल तक न्याय भटकता रहा –
क्योंकि एक वकील ने कानून का उपयोग
न्यायालय को मदद करने के लिए नहीं किया, बल्कि कानून का दुरुपयोग किसी को (दोषी) को बचाने के लिए किया।
कानून की जगह तिकड़म अपनाये गए।
न्यायालय अपने ही नियमों में फंसा रहा गया।
एक वकील न्याय का न्यायालय का मजाक उड़ाता रहा,
न्यायाधीशों के स्व-विवेक को कानूनी जगह मिलनी चाहिए।
दोषी की मदद करने वाला भी दोषी होता है ?
फिर इसकी विवेचना क्यों नहीं होनी चाहियें ?

36

न्यायालय : 498A कानून एवं निर्णय : हम

- निर्णय अफसोसजनक, दुर्भाग्यपूर्ण एवं समाज के लिए घातक है।
- भारतीय समाज के परिवार नाम की अन्तिम संस्था को नष्ट करने वाला है।
- पति-पत्नी कभी विश्वासपूर्वक/निश्चिंतता पूर्वक नहीं रह सकते।
- बिना जांच/सुनवाई के पति पक्ष के लोगों को गिरफ्तार करना न्याय की अवधारणा ही नहीं, मानवता के खिलाफ है।
- पति पक्ष की महिलाओं को यदि अकारण (बिना दोष निर्धारण के) जेल जाना पड़ता है, तो उनके, pride prestige और अधिकार के साथ घोर न्यायिक अत्याचार होता है।
- यह न्यायिक व्यवस्था को ही कठघरे में खड़ा करता है।

बूंदें

37

संसद और धर्म आधारित निर्णय :-

- संसद पूर्ण भारत का, भारत के समग्र नागरिकों के लिए एक रुकरूपता से नियम बनाने के लिए है ।
- अल्पसंख्यक को सुरक्षा चाहिए, परन्तु बहुसंख्यक या जनसमान्य पर हावी भी नहीं होना चाहिए ।
- कोई दो पक्ष सहमति से वर्तमान न्यायवस्था से अलग, पंच, खाप पंचायत को न्याय के लिए चुनना गलत नहीं है । लेकिन किसी भी एक पक्ष की असंतुष्टी होने पर वर्तमान, नियमन की एक ही व्यवस्था होनी चाहिए, चाहे तलाक का मसला हो या अन्य ।

बूंदें

38

- पंच/काजी/न्यायपालिका का समर्थ होना, आदरणीय होना, प्रभावी होना आवश्यक आवश्यकता/अनिवार्यता है।
- न्यायपालिका का सम्मान आवश्यक एवं अपरिहार्य सामाजिक व्यवस्था है ।

बूंदें

39

न्याय : अवधारणा

हमारे देश में दुष्कर्म-रेप

रेप 'महिला'/स्त्री/लड़की/युवती का ही नहीं होता, किसी की बेटी, किसी की बहन, किसी की पत्नी, किसी की माँ, किसी परिवार, समाज या देश का होता है । रेप से जो कुछ टूटता विखरता है वह इन सबों का होता है । यह सामान्य दुर्घटना नहीं है, न यह स्त्रियों/महिलाओं का मामला है ।

बूंदें

40

सामाजिक सोच और कानून/न्याय व्यवस्था में भारी गड़बड़ है ।

- जितना कड़ा कानून उतनी ही ज्यादा घृणित, विभत्स और भयानक घटनाएँ, मनो-मस्तिक को हिलाने वाली होती है ।
  भयानक आक्रामक दरिदंगी के पीछे एक पूरा परिवेश है ।
- यदि पोर्न देखने पढ़ने की इच्छा है तो कहीं उसे कार्यान्वित करने की इच्छा जागेगी ही ।
- यदि सिनेमा में छेड़खानी करने का नतीजा 'प्राप्ति' है, तो अपरिपक्व (ज्यादातर) मन उसे बाहर कार्यान्वित करना चाहेगा ।
- समेकित निदान आवश्यक है ।
- कानून, मिडिया, समाज, न्याय व्यवस्था, जन सामान्य सभी की ईमानदारीपूर्ण सहभागिता आवश्यक है।

41

हमारे देश में दुष्कर्म-रेप

- दुर्घटना के ''बाद यह लोगों को बता देगी''
- 'फांसी हो जाएगा' इसलिए -
  'मार दो।'
- मार देने पर भी 'पहचाने जाने पर लोग/पुलिस जान जायेगें' इसलिए -
  'पहचानने लायक नहीं रहने दो'
- फिर भी पकड़े जाने की सम्भावना है अत: 'जला दो', 'टुकड़े-टुकड़े कर दो', प्रमाण समाप्त करने के लिए कुछ भी कर दो इत्यादि का दुष्चक्र।

42

दुष्कर्म-रेप

- न्याय में देरी पहला कारक है।
- न्याय प्रक्रिया की जटिलता, अकाट्य सबूत की बाध्यता, काल्पनिक आर्दशवादिता, सीधी और स्पष्ट कानूनी व्यवस्था की जगह कानूनी जाल, विपरीत निर्णयों की भरमार समस्या को बढ़ा देती है।
- जज वकीलों के गलत तर्कों एवं तकनीकी कारणों से प्रभावित हो जाते हैं।

43

- पुलिस का समय पर काम न करना, भ्रष्टाचार, राजनैतिक, प्रशासनिक दबाव, कभी मजबूरी इत्यादि, सजा की निश्चितता को मात्र 30% की सम्भावना, बदमाशों के लिए उत्साहबर्द्धक है।
- महामारी फैलने, दुर्घटना होने पर वहाँ जाकर सम्बंधित लोग घटना स्थल पर कार्य करते है।
- न्यायपालिका, मजिस्ट्रेट भी यदि घटना स्थल पर तुरत पूरे परिवेश से स्वंय परिचित हों तो त्वरित न्याय सम्भव है। गवाह बदलने, खरीदने की सम्भावना भी कमेगी।

44

हमारे देश में दुष्कर्म-रेप

रेप-धमकी के विभिन्न स्वरूप शारीरिक, क्षति, के विभिन्न स्वरूप, हत्या, फिर साबूत मिटाने के लिए जलाने से लेकर कुछ भी करने की परिणति सिर्फ 'फांसी', कहीं से अपने उद्देश्य में सफल नहीं है।

सजा का स्वरूप भी चिंतनीय/विचारणीय है।

जेल में मुफ्त में भोजन, वस्त्र, आवास, और मानवीयता/भवनाधिकार के नाम पर आराम है।

रेप : -

1. महीनों, वर्षो तक साथ रहने और हर 'कार्य' में सहभागिता के बाद सिर्फ एक पक्ष पर झांसा देने, धमकी देने की दुहाई लगाना, शुरुआती समर्थन को नजरअंदाज करना भी सरासर गलत है ।
2. दूसरा (स्त्री) पक्ष भी लाभ, लोभ, चालाकी की वजह से शुरुआत कर सकती है ।
3. रेप को पुन: परिभाषित करने की आवश्यकता है ।
4. स्त्रियां भी 18/21 वर्ष के बाद वयस्क हो जाती हैं ।
5. दुष्कर्म का अवसर प्रदान करना भी गलत है । 'गलत को गलत कहना' बहुत व्यापक है ।

हमारे देश में दुष्कर्म-रेप

- 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता' 'लैगिंक समानता' के नारे सीमा से परे जाकर महौल को नकारात्मक बनाता है । जबकि लोग पैसे कमाने, नाम कमाने और चर्चा में रहने के लिए ऐसा करते/कहते हैं ।
- सेक्स के प्राकृतिक झुकाव को दानवी स्वरूप में परिवर्तित होने के कई कारक है ।
  - ❑ सिनेमा, टी0 वी0, पोर्न पत्रिका, व्यापारिक प्रचार, गलत को गलत नहीं कहने, सामाजिक बेजारी, कानूनी जंजाल इत्यादि बहुत बड़ा कारक हैं ।
  - ❑ बदला, दहशत फैलाकर गैंग बनाने, सिनेमा इत्यादि से गुर सीखकर उसे कार्यान्वित करने फिर, विधायक के रूप में प्रतिष्ठित होने की सम्भावना भी घटनाओं को अंजाम देती है ।

तलाश: रेप

- पेड़ों के जंगल और कंक्रीट के जंगल में किसकी व्यवस्था अच्छी है ।
- जंगल में रेप का, सामूहिक रेप का उदाहरण नहीं दिखता ।
- कंक्रीट के जंगल में अखवार इन खबरों से पटे रहते हैं ।
- भोजन श्रृंखला, शिकार और शिकारी का एक ऐसा सामंजस्य है जिसमें हिरण, खरगोश, भालू, मछली सभी आनुपातिक एवं प्राकृतिक रूप से आनादिकाल से जी रहे हैं ।
- जंगल में किसी के प्रति 'दास भाव' नहीं है, असली लोकतंत्र है । यहाँ दास भाव की ही प्रधानता है ।
- जंगल में भोजन, ऊर्जा-धन का संग्रह न्यूनतम है, या नहीं है ।
- अत: जंगल बचा है: जीवन बचा है ।

तलाश: रेप

- कंक्रीट के जंगल में 'संग्रह' सीमाहीन है, पीढ़ी दर पीढ़ी के लिए हर स्तर पर संग्रह ही आज की लोकतांत्रिक 'व्यवस्था' है । इसलिए काफी लोग मर रहे हैं, भूखे और नंगे हैं, दास हैं, अमानव हैं, मानवाधिकार से वंचित हैं ।
- बल के जंगल कानून का अक्सर उदाहरण देते हैं। कंक्रीट – जंगल में भी हर जगह यही तो है ।
- जंगल जीवन से ही कंक्रीट जीवन विकसित हुआ हैं, उसके नकारात्मक नियम कानून यहाँ पूर्ण विकास की ओर हैं ।
- जंगल व्यवस्था सफल है, जबतक आदमी का दखल नहीं हैं ।
- इसका सबसे बड़ा कारण जंगल में न्याय व्यवस्था, (न्यायपालिका) का नहीं होना है, न न्यायालय है, न वकील है, न डाक्टर है, न (भ्रष्ट) अधिकारी हैं, न नेता है, न विनिमय-व्यापार है, न पैसा है ।
- कितना अच्छा तंत्र है – लोकतंत्र है ।

49

कानून में बदलाव

कुछेक घटनाओं को आधार बनाकर हम कानून को सही स्थिति में नहीं लाकर उसे सीधा उलट देते हैं, नतीजा सम्भवत: और खराब ही होता है 498A का, SC,ST कानून इत्यादि का व्यापक दुरुपयोग इसका प्रमुख उदाहरण है ।

सभी घटनाएं उजागर नहीं होती ।

कई क्षम्य भी हो सकते है ।

क्षणिक बहकना मानवीय एवं सुधार योग्य है ।

बहक जाना दानवीय एवं दमनीय है ।

कानून से पहले और ज्यादा कारगर उपाय पारिवारिक और सामाजिक अस्वीकृत है ।

50

तलाश

कानून निर्माण एवं व्याख्या में सतुलन ।

- नारी शशक्तिकरण की प्रक्रिया एक हथकण्डे के रूप में इस्तेमाल हो रही है ।
- जहाँ सख्त (पुलिसबल) कार्रवाई की सम्भावना बनती है वहाँ स्त्रियों को आगे कर दिया जाता है।
- स्त्रियों द्वारा लोगों का चरित्रहनन करवाया जाता है ।
- लूट, मार, अपहरण, आतंक ऐसा कोई क्षेत्र नहीं जिसमें स्त्री बिल्कुल नहीं होती।
- स्त्रियों द्वारा आये दिन थाने में या पुलिसबल पर सीधे हमला चप्पल, डडे से उनकी पिटाई पूरे पुलिस तंत्र को निरर्थक करता जा रहा है । यह सामाजिक सुरक्षा एवं व्यवस्था के लिए अत्यंत घातक है ।
- आतंकियों एवं अपराधियों द्वारा इसका लगातार इस्तेमाल हो रहा है ।
- जबकि कानून व्यवस्था के मामले में स्त्री/पुरुष बराबर होना चाहिए ।
  यही स्त्रियों की मांग भी है ।

51

तलाश

अपना-अपना कद

लोकतंत्र एवं सर्वोच्च न्यायालय से उंचा कद प्रशांत भूषण जी का लगता है ।

प्रशांत भूषण की जगह एक आम आदमी होता तो क्या उसे भी यही (एक रुपये की) सजा होती? बिरबल न्याय हो रहा है ।

पहले तो उनकी चिरौरी की गयी कि यदि ''आप ही ऐसा करेगें तो और लोग क्या करेगें ।''

''मान जाइये सजा देने दिजिये, प्लीज!''

फिर एक रुपये के सिक्के को जिवंत कर दिया गया जो लेन देन में महत्वहीन हो चुका है ।

52

तलाश : न्यायिक सेवा

- न्याय, कानून का राज्य स्थापित करना संवैधानिक जिम्मेवारी है ।
- व्यवस्था ऐसी कि साधारण व्यक्ति की सम्पत्ति लुट ही जाती है ।
- आधे का न्याय स्वयं हो जाता है क्योंकि न्यायालय में जाने की आर्थिक कूबत ही हारे हुए व्यक्ति की नहीं रहती ।
- देरी और न्याय आने तक न्याय की प्रासंगिकता ही समाप्त हो जाए तो अलग बात है ।
- हमें यह भी नहीं पता कि न्यायिक सेवा के हम उपभोक्ता (Consumer) हैं, भी की नहीं क्योंकि यदि निचली अदालत गलत है, तो आप और ऊपर जाएँ। आपकी आर्थिक औकात और ऊपर जाने की नहीं है तो चुप-चाप रहिये/सहिये/जेल हो या बेल हो ।

तलाश

- न्यायालय ने यह सही चिंता जताई है कि लोगों में न्यायालय की आलोचना करने की प्रवृति बढ़ती जा रही है ।
- यह अत्यंत चिन्तनीय है ।
- न्यायालय की मर्यादा अक्षुण्ण रहनी ही चाहिए।
- यह आदर भी स्वत: होना चाहिए न Command से न Demand से ।

तलाश

एक कानून है – एक निर्णय आया है ।

घूस देने वाले का भी दोष है ।

पैरवी करने वाले बेचारे एवं घुसखोर क्या करें ?

पैरवी करने वाले तो दोषी हैं ही । पैरवी सुनने वाले क्या करें ।

घूस नहीं लेने पैरवी नहीं सुन निश्पक्षता के साथ कार्य करने का बेतन थोड़े मिलता है ।

रेप करने वाले क्या करें, रूप और सेक्स की इच्छा जो है ।

मिडिया

- लोकशक्ति है ।
- लोक कल्याणकारी है ।
- राजतंत्र, साम्यवाद, अधिनायकवाद, लोकतंत्र सभी राजकीय व्यवस्थाओं में–अनिवार्य है ।
- मिडिया के बहुतों ने अपनी आहुति दी है ।
- लोगों ने अदम्य साहस, समर्पण का परिचय दिया है ।
- हमें उनका ऋणी होना चाहिए ।
- अनुशासित सामाजिक जीवन का प्रमुख कारक है ।
- गलत को गलत कहने का प्रमुख माध्यम है ।
- राजनीति और पैसा सबकुछ चौपट कर देता है ।

स्वतंत्र मिडिया

(लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ)

मिडिया पुर्णत: स्वतंत्र : कितना स्वतंत्र ?

- संविधान की धारा 19.1
- बोलने एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता
- धारा 19.2 restricted .....
- "in the interest of sovereignty and integrity of India, the security of the state, friendly relations with foreign State, public order, decency or morality or in relation to contempt of court, defamation or incitement to an offence."

धारा–19.2 का अनुपालन अत्यंत आवश्यक है।

57

मिडिया

- हथियार के रूप में मिडिया का दुरुपयोग बिल्कुल गलत है ।
- TRP के लिए वृहतर हित को नजर अंदाज करना बिलकुल गलत है ।
- मिडिया को वस्तु स्थिति सामने लाना चाहिए ।
- जाँच, निर्णय और सजा सब प्रक्रिया खुद कर लेना (MEDIA TRAIL) गलत है ।
- इसका विनियमन जरुरी है ।

58

मिडिया

परिकल्पना : जिम्मेवार एवं संवदेनशील मिडिया

हकीकत : मिडिया एक दुधारी तलवार है। अधिकांश प्रभावशाली प्रिंट मीडिया या टी०वी० चैनल विभिन्न घरानों द्वारा संचालित हैं ।

ये सभी एक लाभकारी संस्था (corporate) हैं; ईमानदार होना, निष्पक्ष होना constructive होना, राष्ट्रिय/सामाजिक हित का ध्यान रखना सम्भव ही नहीं हैं ।

- नकारात्मक समाचारों की बहुलता एवं उनकी प्रमुखता समाज में अविश्वास का निर्माण करता है ।
- लोगों में असुरक्षा की भावना भरता है ।
- दंगे फसाद फैलाने में उसकी अहम भूमिका है।

59

मिडिया

- मिडिया की आवश्यकता लोगों के विचारों, समाचारों के विनिमय/संप्रेषण के लिए है।
- आज यह एक साम्राज्य, एक शासन व्यवस्था हो गया है ।
- इनके आगे शासन (विधायिका), प्रशासन (कार्यपालिका), विशेषज्ञ (प्रोफेशनल), वैज्ञानिक, न्यायपालिका सभी नत मस्तक हैं ।

60

मिडिया का आतंक

- ❑ सभी राजनैतिक पार्टियाँ मिडिया के आगे दुम हिलाती हैं ।

या

- ❑ फिर अरबों का विज्ञापन रूपी हथियार से मिडिया को सर्कस कराते हैं ।
- ❑ दोनों ही स्थिति में मिडिया लोकतंत्र के लिए घातक सिद्ध होती है ।
- ❑ स्वतंत्र मिडिया की रक्षा करना एवं अनियंत्रित स्वतंत्र मिडिया से अपनी/राष्ट्र की रक्षा करना आवश्यक है ।

बूंदें

61

मीडिया का उत्तरदायित्व

- न देश के प्रति
- न समाजिक मूल्यों के प्रति है ।
- न संवेदन शीलता है ।
- न आत्म नियंत्रण है ।
- सिर्फ व्यापार के प्रति वफादारी है ।
- उद्देश्य की गम्भीरता नहीं, सिर्फ स्पर्धा है ।
- उत्तरदायित्व पूर्ण मिडिया देश के लिए, जनतंत्र के लिए आश्यक है/अनिवार्य है ।

बूंदें

62

सिनेमा

- सिनेमा सेंसर को नकारता है।
  सड़ी गली एकाकी घटनाओं का नाटकीय वर्णन कर लोगों को सेक्स, रेप, मर्डर, हिंसा, डकैती इत्यादि के नये नये गुर सिखाता है । इसके लिए मानसिकता और वातावरण बनाता है ।
- इसको 'सृजनात्मकता' कहता है ।
- नग्नता प्रदर्शन, शारीरिक चेष्टाओं से गलत प्रचलन, बहुत सारी बुराईयों को जन्म देने वाले मूल कारण हैं ।
- इसके दुश्प्रभावों को कानून से रोकने की कोशिश नाकाम है ।
- अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को अपने लिए सिर्फ पैसा कमाने का साधन बनाता है ।

बूंदें

63

मिडिया का उत्तरदायित्व : सिनेमा

- समान्य में, अच्छाई में इनकी रुचि होती नहीं, 'असमान्य' ही इनका विषय होता है ।
- बहुत सारें सिनेमा अत्यन्त सोद्देश्य होते हैं, अच्छे संदेश (message) से परिपूर्ण होते हैं । कड़वी सामाजिक सच्चाईयों को उजागर करते हैं ।
- स्वस्थ्य मनोरंजन देते हैं ।
- स्वस्थ्य संदेश (message) देते है ।
- अपने संस्कारों एवं परम्पराओं की रक्षा हमारी जिम्मेवारी है ।
- टी० वी० चैनल सड़े गले समाचारों को दिन भर और अत्यंत नाटकीय ढंग से अनावश्यक रूप से प्रसारित करता रहता है ।

बूंदें

64

मिडिया :

- उत्तरदायित्व बोध न्यूनतम है । खासकर electronic media का ।
- एक 'power' बनने और उसे भुनाने की ललक है ।
- सारी वुद्धिमत्ता का उपयोग अपनी छवि एवं चैनल की रेटिंग बढ़ाने का होता है ।
- राष्ट्रीय किसी भी घटना का दोहन अपने हित में करता है, चाहे देश का कितना भी अहित हो ।
- पक्षकार के रूप में बंट जाते है ।
  खोज-खोज कर सभी सम्भावनाओं को अपनी कमजोरियों प्रसारित कर दुश्मनों को फायदा देते है ।
  इसे जानने का हक कहते है ।

मिडिया :

- जानने का हक और जानने की जरुरत में फर्क करना होगा ।
- कोई भी (सांसद या न्यायपालिका या कार्यपालिका) पूर्ण स्वतंत्र नहीं है ।
- मिडिया का भी बिना शर्त, पूर्ण स्वतंत्र होना देश/समाज के लिए अत्यन्त घातक है ।
- संविधान की धारा 19.2 को सही ढंग से लागू करना आवश्यक है ।

मिडिया :

जो मिडिया "किसी का" है वह स्वतंत्र कैसे हो सकता है ?

जो मिडिया सरकार से, किसी पक्ष से Advertisement के लिए/आर्थिक लाभ के लिए लालायित है; आर्थिक लाभ के लिए ही स्थापित है; वह स्वतंत्र कैसे हो सकता है ?

यदि पक्षपात समाचार, लेख, विश्लेषण की शक्ल में हो तो मिडिया नकारात्मक/घातक हो जाता है ।

मिडिया की स्वतंत्रता, इसकी निष्पक्षता स्थापित करना हमारा कर्तव्य है ।

मिडिया

- एंकर बहुत बड़े तीसमार खाँ हो जाते हैं ।
- ब्रह्माण्ड के सभी सामान्य, विशिष्ट, अतिविशिष्ट विशेषज्ञता पर अपनी राय रखते हैं, इसमें कोई बुराई या गलत नहीं है, परन्तु उसे इस रूप में प्रसारण करना कि यह अन्तिम सत्य है, गलत है, हानिकारक है ।
- इनकी साधारण बुद्धि के आगे सभी विशेषज्ञताएँ समाप्त हो जाती हैं ।
- ये सबसे सवाल पूछ सकते हैं इनसे कोई भी सवाल नहीं पूछ सकता है ।

मिडिया

- अपनी व्यक्तिगत राय को वैश्विक/सर्वमान्य राय के रूप में पेश करते हैं ।
- इनके तर्क, कुतर्क, कठतर्क सभी प्रसारण के योग्य होते हैं – उसमें न प्रतिवाद सम्भव है न मतांतर (counterpoint).
- जाति, धर्म, भाषा, क्षेत्र किसी भी विभाजित करने वाले आधार को खूब उधेड़-उधेड़ कर समाज, देश को आहत/एवं अहित करते है । इनकी उपयोगिता/दुरूपयोग को संतुलित करना एकदम जरुरी है या Mass media के स्वरूप को बदलना आवश्यक है ।

मिडिया

कभी-कभी इनका statement होता है, जिसमें उनका पूर्वाग्रह स्पष्ट से भी ज्यादा उजागर रहता हैं।

